BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 21 जुलाई 2024 थाना ककोड़

गजेन्द्र की हत्या में संलिप्त उसके दो पुत्रों सहित कुल 03 हत्यारोपी गिरफ्तार, कब्जें/निशादेही से आलाकत्ल 02 डंडे, 03 मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त 02 मोटरसाइकिल बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 12.07.2024 को थाना ककोड क्षेत्रान्तर्गत ग्राम आजमपुर हुसैनपुर के जंगल में खेत में एक व्यक्ति गजेन्द्र सिंह पुत्र दुर्गा सिंह का शव मिला था। जिसके सम्बन्ध में मृतक के पुत्र अरुण की तहरीर के आधार पर थाना ककोड पर मुअसं 224/24 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

उक्त के क्रम में स्वाट टीम व थाना ककोड़ पुलिस द्वारा जांच/छानबीन से घटना में संलिप्त तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तो की निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल व आलाकत्ल डंडा बरामद किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना ककोड पर पंजीकृत अभियोग में धारा 3(5) व 61(2) बीएनएस वृद्धि करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1- संजू पुत्र गजेन्द्र निवासी आजमपुर हुसैनपुर थाना ककोड़ जनपद बुलन्दशहर।

2- अरुण पुत्र गजेन्द्र निवासी उपरोक्त

3- कपिल पुत्र जोगेन्द्र निवासी राजुपर थाना चांदहट जनपद पलवल हरियाणा

बरामदगी-

1- दो मोटरसाइकिल(घटना में प्रयुक्त)

2- दो डंडे(आलाकत्ल)

3- 03 मोबाइल फोन

हत्या का कारण- मृतक गजेन्द्र सिंह के एक महिला से सम्बन्ध थे तथा मृतक, महिला से शादी करने तथा अपनी सम्पत्ती महिला के नाम करने को कहता था जिसकी जानकारी मृतक के बच्चो व पत्नी को हो गयी थी। इसी बात को लेकर मृतक की पत्नी व उसके दोनो लडको ने अपने दामाद/बहनोई प्रेमपाल निवासी राजुपुर पलवल हरियाणा जो भारतीय सेना में कार्यरत है तथा वर्तमान में पूणे महाराष्ट्र में तैनात है, के साथ मिलकर गजेन्द्र की हत्या की योजना बनायी। योजनानुसार प्रेमपाल ने अपने भाई कपिल व एक अन्य व्यक्ति को गजेन्द्र की हत्या के लिये भेज दिया। दिनांक 11/12-07-2024 की रात्रि में मृतक का पुत्र संजू दोनो व्यक्तियो के साथ खेत में सो रहे गजेन्द्र के पास गये तथा तीनो ने डंडे से मृतक के सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी तथा मौके से फरार हो गये। घटना के समय भी प्रेमपाल तीनो अभियुक्तो से फोन के माध्यम से लगातार सम्पर्क में था।

स्वाट टीम-

1- मोहम्मद असलम प्रभारी निरीक्षक स्वाट टीम

2 उ०नि० शिवम तोमर

3- है0का0 कपिल नैन, है0का0 राहुल त्यागी, है0का0 निकुंज यादव, है0का0 मनीष त्यागी, का0 सचिन चौहान, का0 नरेंद्र कुमार, का0 रोहित कुमार,का0 अमित कुमार

थाना ककोड पुलिस टीम-

1. श्री नरेन्द्र सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना ककोड़

2. व0उ0नि0 दिनेश मलिक,उ0नि0 अभयेनद्र कुमार गंगवार

3. है0का0 बलवीर सिंह, है0का0 अनुज मान, म0का0 मधुरानी



मीडिया सेल बुलंदशहर